Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Kamala Prasad Shri

an>

Title: Need to stop unloading of Coal at Barabanki Railway station to protect the environment of residential areas near Railway Station.

श्री कमला प्रसाद रावत (बाराबंकी) : महोदय, माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान बाराबंकी जिले के एन.इ.आर तथा एन.आर. की ओर आकृट करते हुए कहना है कि रिहायशी इलाकों में खानों से कोयला बाराबंकी के रेलवे स्टेशनों पर उतारा जाता है, जिससे रिहायशी इलाकों में पर्यावरण प्रदूति हो रहा है। लोगों को विभिन्न प्रकार के दमा, श्वास संबंधी अनेक बीमारियां हो रही हैं। सन 65-70 के दशक एन.इ.आर ने पूरोक्तर रेलवे के किनारे ऊंचाई बढ़ाकर रेलवे लाइन डाली गयी थी, जो रद्द हो गया। इसलिए मंत्री जी से आपसे अनुरोध के साथ कहना है कि कोयले के रैक को एन.इ.आर तथा एन.आर के रिहायशी इलाकों से हटाकर पूरोक्तर रेलवे के किनारे जो सन 65-70 के दशक में रेलवे लाइन डाली गयी थी, उस पर मरम्मत कराकर कोयले का रैक उतारा जाये और रेलवे पर वित्त का अतिरिक्त भार भी नहीं पड़ेगा।